# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2021

## (ANNUAL / वार्षिक)

# PHILOSOPHY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. संस्कार और प्रत्ययों का विचार किस अनुभववाद में पाया जाता है ?

(a) ह्यूम

(b) लॉक

(c) बर्कले

(d) इनमें से कोई नहीं

2. किस बुद्धिवादी दार्शनिक ने कहा है कि चिद् बिन्दु शाश्वत होते हैं ?

(a) देकार्त

(b) स्पिनोजा

(c) लाइबनिज

(d) इनमें से कोई नहीं

Biharboardquestionpaper.com

3. देकार्त के बाद किस आधुनिक बुद्धिवादी ने मन और शरीर को एक ही माना है ?

(a) लाइबनीज

(b) स्पिनोजा

(c) लॉक

(d) बर्कले

4. काण्ट के समीक्षावाद पर प्रभाव है।

(a) बुद्धिवाद का

(b) अनुभववाद का

(c) (a) और (b) दोनों का

(d) इनमें से कोई नहीं

5. किस आधुनिक पाश्चात्य अनुभववादी ने अपने पूर्व के कारण कार्य सिद्धाना की पूर्व मान्यताओं को धराशायी कर दिया ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) स्पिनोज

6. बुद्धिवाद और अनुभववाद का टकराव किसके दर्शन में समाप्त होता है ?

(a) लाइबनीज

(b) ह्यूम

(c) बर्कले

(d) काण्ट

BiharboardQuestionpaper.com

7. निम्नलिखित में से कौन एक कथन सही है?

(a) अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे से स्वतंत्र हैं

(b) अधिकार और कर्तव्य सापेक्ष हैं

(c) अधिकार कर्तव्य का विरोधी है

(d) इनमें से कोई नहीं

8. सर्वोच्च शुभ क्या है?

(a) मात्र साधन है

(b) मात्र बाह्य है

(c) चरम लक्ष्य है

(d) इनमें से कोई नहीं

9. नैतिक निर्णय क्या है ?

(a) वास्तविकता सूचक निर्णय

(b) वर्णनात्मक निर्णय

(c) तार्किक निर्णय

(d) मूल्य विषयक निर्णय

10. निम्नलिखित में से कौन चिकित्सा नीतिशास्त्र का विषय है ?

(a) सरोगेट माँ

(b) भ्रूण हत्या

(c) चिकित्सक-मरीज संबंध

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. जैन दर्शन में नय' शब्द क्या दर्शाता है ?

(a) किसी वस्तु के सभी पक्षों के पूर्ण ज्ञान को दर्शाता है

(b) किसी वस्तु के कुछ पक्षों के आशिक ज्ञान को दर्शाता है।

(c) (a) और (b) दोनों को दर्शाता है

(d) इनमें से कोई नहीं

12. जैन दर्शन में स्यादवाद की क्या विशेषता है ?

(a) स्यादवाद त्रिरत्न का विचार है

(b) स्यादवाद सापेक्षवाद है

(c) स्यादवाद का संबंध पंचमहाव्रत से है

(d) इनमें से कोई नहीं

13. निष्काम कर्म क्या है ?

(a) कर्म का त्याग है

(b) कर्मफल का त्याग है

(c) सकाम कर्म है

(d) इनमें से कोई नहीं

14. लोकसंग्रह का सिद्धान्त क्या है ?

(a) परार्थ सुखवाद

(b) सर्वकल्याणवाद

(c) पूर्णतावाद

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. व्याप्ति ज्ञान की भूमिका किस प्रमाण के लिए है ?

(a) प्रत्यक्ष

(b) अलौकिक प्रत्यक्ष

(c) अनुमान

(d) इनमें से कोई नहीं

16. अनुमान का दूसरा नाम क्या है ?

(a) उपमान

(b) शब्द

(c) अभाव

(d) अन्वीक्षा

17. वैशेषिक दर्शन का समान तंत्र कौन दर्शन है ?

(a) योग दर्शन

(b) बौद्ध दर्शन

(c) जैन दर्शन

(d) न्याय दर्शन

18. प्रत्यक्ष ज्ञान के लिए क्या अनिवार्य है ?

(a) इन्द्रियों और विषयों का सन्निकर्ष

(b) व्याप्ति ज्ञान

(c) शब्द

(d) उदाहरण

BiharboardQuestionpaper.com

19. सविकल्पक प्रत्यक्ष के पहले की अवस्था क्या है ?

(a) उपमान

(b) शब्द

(c) सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष

(d) निर्विकल्पक प्रत्यक्ष

20. अलौकिक प्रत्यक्ष का उदाहरण क्या है ?

(a) सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष

(b) ज्ञान लक्षण प्रत्यक्ष

(c) योगज प्रत्यक्ष

(d) इनमें से सभी

21. किस अनुभववादी के अनुसार वस्तुओं का ज्ञान संस्कार और प्रत्यय के द्वारा होता है?

(a) बर्कले

(b) ह्यूम

(c) लॉक

(d) इनमें से कोई नहीं

22. सरल प्रत्यय और जटिल प्रत्यय का विचार किस अनुभववादी के दर्शन में पाया जाता है?

(a) लॉक

(b) ह्यूम

(c) बर्कले

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

23. ज्ञान के साधन के दृष्टिकोण से कौन-सी दार्शनिक परम्परा एकांगी है ?

(a) बुद्धिवाद

(b) अनुभववाद

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

24. वस्तुवाद की क्या मान्यता है ?

(a) ज्ञेय पदार्थ ज्ञाता पर निर्भर है

(b) ज्ञेय पदार्थ जाता से स्वतंत्र है

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

25. निम्न में से किस युक्ति का मानना है कि विश्व एक कार्य है और ईश्वर उसका कारण है ?

(a) तात्विक युक्त

(b) प्रयोजनमूलक युक्ति

(c) विश्वमूलक युक्ति

(d) इनमें से कोई नहीं

26. जड़ में गति प्रदान करने वाली शक्ति को क्या कहते हैं ?

(a) उपादान कारण

(b) निमित्त कारण

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

27. कारण-कार्य सम्बन्ध बतलाने वाले सिद्धान्तों की क्या विशेषता है ?

(a) ये वैज्ञानिक सिद्धान्त है

(b) ये अवैज्ञानिक सिद्धान्त हैं

(c) ये धार्मिक सिद्धान्त हैं

(d) ये नैतिक सिद्धान्त हैं.

28. जिस अनुभववाद की उत्पत्ति लॉक के दर्शन में होता है उसका तार्किक उत्कर्ष किसके अनुभववाद में होता है ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

29. ह्यूम के शुद्ध अनुभववाद की परिणति किस विचारधारा में होती है ?

(a) संशयवाद

(b) बुद्धिवाद

(c) परमार्थवाद

(d) इनमें से कोई नहीं

30. 'क्रिटिक ऑफ प्योर रीजन' के लेखक कौन हैं ?

(a) काण्ट

(b) देकार्त

(c) ह्यूम

(d) लाइबनीज

BiharboardQuestionpaper.com

31. दर्शनशास्त्र की विषयवस्तु का स्वरूप कैसा है ?

(a) व्यापक

(b) संकीर्ण

(c) आंशिक

(d) इनमें से कोई नहीं

32. निम्नलिखित में से कौन पुनर्जन्म में विश्वास करता है लेकिन आत्मा को शाश्वत नहीं मानता है ?

(a) जैन दर्शन

(b) सांख्य दर्शन

(c) बौद्ध दर्शन

(d) इनमें से सभी

33. निम्नलिखित में से कौन भगवद्गीता के अनुसार ईश्वर के अवतार हैं ?

(a) अर्जुन

(b) कर्ण

(c) कृष्ण

(d) भीम

34. भारतीय दर्शन में कर्म सिद्धान्त के अनुसार कर्म का फल क्या हो सकता है ?

(a) बंधन

(b) जीवन में दुःख

(c) पुनर्जन्म

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

35. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सांख्य दर्शन की प्रकृति के संदर्भ में सही है ?

(a) प्रकृति की संख्या एक है और सक्रिय है

(b) प्रकृति की संख्या दो है और सक्रिय है

(c) प्रकृति की संख्या अनेक है और निष्क्रिय है

(d) इनमें से कोई नहीं

36. आश्रम कितने सोपान की होती है ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

37. बौद्ध दर्शन में दुःख के कितने कारण हैं ?

(a) चार

(b) आठ

(c) बारह

(d) चौबीस

38. जैन दर्शन के अनेकान्तवाद की क्या मान्यता है ?

(a) विश्व की विभिन्न वस्तुएँ एक दूसरे से सम्बन्धित नहीं होती हैं।

(b) विश्व की विभिन्न वस्तुओं के अनेक रूप नहीं होते हैं

(c) विश्व का अस्तित्व नहीं है

(d) विश्व को विभिन्न वस्तुओं के अनेक रूप होते हैं।

BiharboardQuestionpaper.com

39. न्याय दर्शन में योगज प्रत्यक्ष क्या है ?

(a) सामान्यों का प्रत्यक्ष

(b) लौकिक प्रत्यक्ष

(c) अलौकिक प्रत्यक्ष

(d) इनमें से सभी

40. प्रमा के कारण को क्या कहते हैं ?

(a) अप्रमा

(b) अप्रमाण

(c) प्रमाण

(d) इनमें से सभी

41. अष्टांगिक योग का आठवाँ और अंतिम अंग क्या है ?

(a) प्रत्याहार

(b) धारणा

(c) ध्यान

(d) समाधि

42. योग के अनुशासन के आलोक में अहिंसा क्या है ?

(a) तप

(b) नियम

(c) यम

(d) संतोष

BiharboardQuestionpaper.com

43. वैशेषिक दर्शन में सामान्य पदार्थ के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

(a) अभाव

(b) भाव

(c) भावाभाव

(d) इनमें से सभी

44. वैशेषिक दर्शन में उस द्रव्य को क्या कहते हैं जिसका विशिष्ट गुण चेतना होता है ?

(a) आकाश

(b) दिक्

(c) काल

(d) आत्मा

45. वैशेषिक दर्शन के अनुसार गुण अपने अस्तित्व के लिए किस पर निर्भर करता है ?

(a) द्रवय

(b) विशेष

(c) समवाय

(d) इनमें से कोई नहीं

46. न्याय दर्शन के एक वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अनुमान के प्रकार के संदर्भ में सही है ?

(a) पूर्ववत्

(b) शेषवत्

(c) सामान्यतोदृष्ट

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

47. सांख्य दर्शन में चेतन सत्ता को क्या कहा जाता है ?

(a) प्रकृति

(b) सत्व

(c) पुरुष

(d) इनमें से कोई नहीं

48. सांख्य दर्शन में सत्वगुण के स्वरूप के संदर्भ में क्या स्वीकार किया जाता है ?

(a) सत्व सुख का स्वभाव और स्रोत है

(b) सत्व लघु है

(c) सत्व चमकीला है

(d) इनमें से सभी

49. प्रकृति का कौन तत्व / गुण मन की अशांति और वस्तुओं को चलायमान रखने के लिए जिम्मेदार होते है ?

(a) सत्वगुण

(b) रजोगुण

(c) तमोगुण

(d) इनमें से सभी

50 . शंकर के अनुसार निरपेक्षतः चेतन कौन सत्ता है ?

(a) जगत्

(b) जीवात्मा

(c) शरीर

(d) ब्रह्म

BiharboardQuestionpaper.com

51. नैतिक नियम के अनुकूल रहने वाले कर्मों को क्या कहेंगे ?

(a) उचित

(b) अनुचित

(c) उचित एवं अनुचित

(d) इनमें से कोई

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

52. नीति शून्य कर्म क्या है ?

(a) अच्छा कर्म

(b) अनुचित कर्म

(c) वैसा कर्म जिस पर नैतिक निर्णय नहीं दिया जाता है।

(d) इनमें से कोई नहीं

53. पर्यावरण नीतिशास्त्र की विषय-वस्तु क्या है ?

(a) चिकित्सा से जुड़ी नैतिक समस्याएँ

(b) व्यवसाय से जुड़ी नैतिक समस्याएँ।

(c) पर्यावरण से जुड़ी नैतिक समस्याएँ

(d) मीडिया से जुड़ी नैतिक समस्याएँ

54. चिकित्सा नीतिशास्त्र की महत्वपूर्ण समस्या क्या है ?

(a) आत्म हत्या

(b) भ्रूण हत्या

(c) हिंसा

(d) धार्मिक हिंसा

BiharboardQuestionpaper.com

55. पर्यावरण के प्रकार हैं

(a) भौतिक

(b) मानसिक

(c) आध्यात्मिक

(d) इनमें से सभी

56. मानवीय आचरण पर नैतिक निर्णय के लिए क्या अनिवार्य है ?

(a) व्यक्ति का देश

(b) व्यक्ति का रंग

(c) व्यक्ति की भाषा

(d) व्यक्ति का इच्छा स्वातंत्र्य

57. व्यापार नीतिशास्त्र अध्ययन है

(a) व्यापार के विस्तार का

(b) व्यापार के स्वामित्व का

(c) व्यापार के रखरखाव का

(d) व्यापार के जुड़ी नैतिकता का

58. पुरुषार्थ के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन आता है ?

(a) सत्

(b) शुभ

(c) उचित

(d) उपभोग

BiharboardQuestionpaper.com

59. बुद्ध के तृतीय आर्यसत्य में क्या कहा गया है ?

(a) दुःख है

(b) दुःख का कारण है

(c) दुःख के कारण का निवारण संभव है।

(d) दुःख निवारण का मार्ग है

60. बौद्ध दर्शन के अनुसार अर्हत् किसे कहते हैं ?

(a) वह जिसने अपनी सभी इच्छाओं पर नियंत्रण पा लिया है।

(b) वह जो अपनी इच्छाओं के वश में है

(c) वह जो अपनी इच्छाओं की तृप्ति चाहत है

(d) इनमें से सभी

61. शंकर ने स्वप्न के अस्तित्व के स्वरूप को क्या कहा है ?

(a) प्रतिभाषिक सत्ता

(b) व्यावहारिक सत्ता

(c) पारमार्थिक सत्ता

(d) इनमें से कोई नहीं

62. शंकर के अनुसार शरीर से मुक्त आत्मा क्या है ?

(a) जीव

(b) माया

(c) ब्रह्म

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

63. शंकर के अनुसार माया क्या है ?

(a) ब्रह्म

(b) ब्रह्म की शक्ति

(c) कल्पनात्मक सत्ता

(d) इनमें से कोई नहीं

64. काण्ट ने ज्ञान की किन विशेषताओं को स्वीकार किया है ?

(a) सार्वभौमिकता

(b) अनिवार्यता

(c) नवीनता

(d) इनमें से सभी

65. लाइबनीज के अनुसार ज्ञान का स्रोत क्या है ?

(a) अनुभव

(b) बुद्धि

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

66. देकार्त आत्मा, ईश्वर जैसा सत्ता के ज्ञान का प्रारम्भ कहाँ से मानते हैं ?

(a) इन्द्रियों से

(b) कल्पना से

(c) परिकल्पना से

(d) स्वतः सिद्ध जन्मजात प्रत्यय से

BiharboardQuestionpaper.com

67. किसने कहा है कि ज्ञान प्रागनुभविक संश्लेषणात्मक निर्णय है ?

(a) देकार्त

(b) काण्ट

(c) स्पिनोजा

(d) लाईबनीज

68. किसने कहा है कि 'मैं सोचता हूँ इसलिए मैं हूँ' ?

(a) स्पिनोजा

(b) बर्कले

(c) लॉक

(d) देकार्त

69. बुद्धिवाद का आदर्श क्या है ?

(a) गणित

(b) रेखागणित

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

70. इन्द्रिय प्रत्यक्ष को ज्ञान का साधन किसने माना है ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

71. प्रतीत्यसमुत्पाद के सिद्धान्त का क्या दार्शनिक अर्थ है ?

(a) वस्तुएँ अपनी उत्पत्ति के लिए दूसरे हेतु पर निर्भर है

(b) वस्तुएँ नित्य हैं

(c) वस्तुओं का पूर्ण विनाश होता है

(d) इनमें से सभी

72. बौद्ध दर्शन और जैन दर्शन किस दार्शनिक सम्प्रदाय में आता है ?

(a) आस्तिक

(b) नास्तिक

(c) आस्तिक और नास्तिक दोनों

(d) इनमें से सभी

73. भगवद्गीता में कौन-से विचार पाये जाते हैं ?

(a) निष्काम कर्म

(b) योग की अवधारणा

(c) लोक संग्रह

(d) इनमें से सभी

74. 'भगवद्गीता' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(a) ईश्वर का गीत

(b) ईश्वर का अस्तित्व

(c) ईश्वर का स्वरूप

(d) ईश्वर की संख्या

BiharboardQuestionpaper.com

75. भारतीय दर्शन के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन दर्शन आते हैं ?

(a) अद्वैतवाद

(b) द्वैतवाद

(c) विशिष्टाद्वैतवाद

(d) इनमें से सभी

76. निम्नलिखित में से कौन भारतीय दार्शनिक नहीं है ?

(a) अरस्तु

(b) कपिल

(c) पतंजलि

(d) जैमिनि

77. बौद्ध दर्शन में सम्यक्' शब्द का क्या अर्थ होता है ?

(a) उचित

(b) मध्यम

(c) प्रज्ञा

(d) कर्म

78. बुद्ध को निर्वाण कहाँ मिला था ?

(a) कुशीनगर

(b) सारनाथ

(c) बोध गया

(d) कपिलवस्तु

BiharboardQuestionpaper.com

79. निम्नलिखित में से किसका संबंध जैन दर्शन से रहा है ?

(a) महावीर

(b) पार्श्वनाथ

(c) ऋषभदेव

(d) इनमें से सभी

80. जैन दर्शन के अनुसार अनस्तिकाय द्रव्य क्या है ?

(a) अजीव

(b) जीव

(c) काल

(d) इनमें से कोई नहीं

81. कौन-से प्रमाण से सीमित ज्ञान प्राप्त होता है ?

(a) प्रत्यक्ष

(b) अनुमान

(c) उपमान

(d) शब्द

82. अनुमान प्रमाण का जड़ क्या होता है ?

(a) उपमान

(b) प्रत्यक्ष

(c) शब्द

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

83. पंचावयव का संबंध किस प्रमाण से होता है ?

(a) शब्द

(b) प्रत्यक्ष

(c) उपमान

(d) इनमें से कोई नहीं

84. दो वस्तुओं के बीच का विशेष और अनिवार्य संबंध क्या कहलाता है ?

(a) अभाव

(b) सन्निकर्ष

(c) व्याप्ति

(d) इनमें से कोई नही

85. प्रमाता किसे कहते हैं ?

(a) ज्ञान के साधन को

(b) ज्ञान की वस्तु को

(c) ज्ञान प्राप्त करने वाले को

(d) इनमें से कोई नहीं

86. न्याय दर्शन में अनुमान प्रमाण के आवश्यक अंग क्या है ?

(a) हेतु

(b) साध्य

(c) पक्ष

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

87. वाक्यार्थ की कितनी शर्तों को न्याय दर्शन में माना जाता है ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

88. किसका उपदेश ज्ञान का स्रोत है ?

(a) आम पुरुष

(b) आप्त पुरुष

(c) आप्त स्त्री

(d) (b) और (c) दोनों

89. उपमान को किसकी श्रेणी में रखा जाता है ?

(a) शब्द की श्रेणी में

(b) प्रत्यक्ष की श्रेणी में

(c) अनुमान की श्रेणी में

(d) इनमें से कोई नहीं

90. प्रकृति के गुणों में होने वाले परिवर्तन को कहते हैं ?

(a) विरूप परिवर्तन

(b) शाश्वत परिवर्तन

(c) आकारिक परिवर्तन

(d) अंतिम परिवर्तन

BiharboardQuestionpaper.com

91. प्रकृति का गुण तमस का काला रंग किस बात का सूचक माना जाता है ?

(a) जड़ता या भारीपन का

(b) सक्रियता का

(c) परमानंद का

(d) इनमें से सभी हैं ?

92. योग दर्शन के अष्टांगिक मार्ग में आन्तरंग साधन किसे कहते

(a) धारण

(b) ध्यान

(c) समाधि

(d) इनमें से सभी

93. भारतीय दर्शन के किस पक्ष का प्रतिनिधित्व योग दर्शन करता है ?

(a) सांसारिक पक्ष

(b) व्यावहारिक पक्ष

(c) सामाजिक पक्ष

(d) इनमें से कोई

94. सांख्य विश्वास करता है.

(a) प्रकृति परिणामवाद में

(b) ब्रह्म परिणामवाद में

(c) विवर्तवाद में

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

95. अभाव का उल्लेख किस दर्शन में मिलता है ?

(a) सांख्य दर्शन

(b) योग दर्शन

(c) वैशेषिक दर्शन

(d) इनमें से सभी

96. अद्वैत वेदान्त में जगत् है

(a) पूर्णतः सत्य

(b) पूर्णतः असत्य

(c) मिथ्या

(d) इनमें से सभी

97. माया की उस शक्ति का क्या नाम है जो ब्रह्म की सत्ता को छिपा लेता है

(a) प्रज्ञा

(b) समाधि

(c) आवरण

(d) इनमें से सभी

98. शंकर के अद्वैत वेदान्त का दर्शन किस ग्रंथ पर आधारित है ?

(a) रामायण

(b) महाभारत

(c) पुराण

(d) उपनिषद्

BiharboardQuestionpaper.com

99. किसने कहा है कि 'संवेदन बिना ज्ञान के अन्धा है और शुद्ध बोध बिना संवेदनों के खोखला है ?

(a) देकार्त

(b) स्पिनोजा

(c) लॉक

(d) काण्ट

100. बुद्धिवाद ज्ञान के स्रोत के संबंध में क्या मानता है ?

(a) ज्ञान का स्रोत मूलतः बुद्धि और अनुभव दोनों है

(b) ज्ञान का प्रारम्भ संवेदनाओं से होता है।

(c) ज्ञान का स्रोत केवल बुद्धि है।

(d) इनमें से कोई नहीं

SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक उत्तर दें।

1. लोक संग्रह और निष्काम कर्म में क्या सम्बन्ध है ?

2. देकार्त का निरपेक्ष और सापेक्ष द्रव्य क्या हैं ?

3. ऐच्छिक कर्मों के महत्व बतायें।

4. शब्द प्रमाण क्या है ?

5. बौद्ध दर्शन के आलोक में सारनाथ का क्या महत्व है ?

6. सम्यक दृष्टि क्या है ?

7. प्रकृति का तम गुण क्या है ?

8. पूर्ववत् अनुमान क्या है ?

BiharboardQuestionpaper.com

9. केवलान्वयी अनुमान क्या है ?

10. लॉक के 'टैबूला रासा' के विचार का वर्णन करें।

11. बर्कले का आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद क्या है ?

12. व्यावसायिक नैतिकता की परिभाषा दें।

13. भारतीय चिंतन में ऋण का नैतिक उद्देश्य क्या है ?

14. गीता का कर्म योग क्या है ?

15. पुरुषार्थ के आलोक में अर्थ की अवधारणा क्या है ?

16. साख्य को द्वैतवादी दर्शन क्यों कहते हैं ?

17. योग दर्शन के अनुसार प्रत्याहार क्या है ?

18. वैशेषिक दर्शन के गुण को परिभाषित करें।

19. भारतीय दर्शन में 'दर्शन' शब्द का क्या महत्व है ?

20. भारतीय दर्शन में वेद की प्रामाणिकता का क्या महत्व है ?

21. तीर्थंकर कौन थे ?

22. अरस्तु के निमित्त कारण का वर्णन करें।

23. नैतिक प्रत्ययं के रूप में अनुचित की परिभाषा दें।

24. देकार्त की संदेह विधि का वर्णन करें।

25. सामान्य लक्षण अलौकिक प्रत्यक्ष क्या है ?

26. जैन दर्शन नास्तिक दर्शन क्यों है ?

27. स्वार्थानुमान का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

28. पीटर सिंगर कौन है ?

29. नीतिशास्त्र को आदेशमूलक विज्ञान क्यों कहते हैं ?

30. नीतिशास्त्र में किन कर्मों के संदर्भ में निर्णय दिये जाते हैं ?

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। अधिकतम 100 शब्दों में प्रत्येक उत्तर दें।

BiharboardQuestionpaper.com

31. शंकर के आत्म विचार का वर्णन करें।

32. बुद्ध के द्वितीय आर्य सत्य का वर्णन करें।

33. नैतिक संप्रत्यय कर्तव्य का वर्णन करें।

34. ईश्वर के अस्तित्व के संदर्भ में प्रयोजनात्मक युक्ति का वर्णन करें।

35. काण्ट के समीक्षावाद का वर्णन करें।

36. सांख्य दर्शन के प्रकृति विचार का वर्णन करें।

37. ज्ञान के स्रोत के रूप में उपमान का न्याय सिद्धांत की चर्चा करें।

38. ज्ञान विषयक सिद्धान्त के रूप में अनुभववाद की व्याख्या करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..